पाक्षिक



खबर आस पास

खबर आस पास RNI REGISTERED

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : रविवार 11 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

पनामा में 7.6 तीव्रता का भूकंप, 400 इमारतों को नुकसान



18 घंटे में 100 और झटके आए, 9 देशों में सुनामी की चेतावनी जारी

नई दिल्ली एजेन्सी। पनामा में शुक्रवार दोपहर आए 7.6 तीव्रता के भूकंप से भारी नुकसान हुआ। अब तक 27 लोगों के घायल होने की खबर है। भूकंप का केंद्र राजधानी पनामा सिटी से करीब 200 किलोमीटर दूर अजुएरो प्रायद्वीप के पास था। भूकंप के बाद 18 घंटे में 100 से ज्यादा आफ्टरशॉक यानी छोटे झटके महसूस किए गए। 400 से ज्यादा इमारतों को नुकसान पहुंचा। लोग डर के कारण घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भूकंप के बाद सुनामी के खतरे को देखते हुए 9 देशों ने चेतावनी जारी की थी। हालांकि, कुछ घंटे बाद इन्हें वापस ले लिया गया। प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और कमजोर इमारतों से दूर रहने की सलाह दी।

सीजेपी का आज फिर जंतर-मंतर मार्च

आज दीपके समेत 7000 हिरासत में लिए गए थे; मेट्रो बैन-पुलिस एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट में रविवार को सुनवाई

नई दिल्ली एजेन्सी। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) का आज सुबह 10 बजे फिर जंतर-मंतर पर मार्च होगा। शनिवार को दिल्ली पुलिस की सख्ती के चलते प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर नहीं पहुंच सके। पुलिस ने CJP नेताओं अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को सुबह ही एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया।

CJP ने सुबह 10 बजे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन बुलाया था, लेकिन कई जगह 3 से 5 लेयर की बैरिकेडिंग लगाकर समर्थकों को रोका गया। जिन 7 हजार लोगों को हिरासत में लिया गया था उन्हें छोड़ दिया गया। हालांकि सीजेपी लीडर्स को अभी रिलीज नहीं किया गया। दिल्ली में 38 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात हैं।

सुप्रीम कोर्ट रविवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें मेट्रो-ट्रेन सेवाओं पर पूरी रोक के आदेश की कथित अनदेखी को लेकर अधिकारियों पर अवमानना कार्रवाई की मांग की गई है।

CJP ने SIR और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के विरोध में सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन का आह्वान किया था।







AISA ने प्रदर्शनकारियों की तत्काल रिहाई की मांग की

AISA का दावा है कि जामिया के सचिव कॉमरेड सौरभ और कई अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ मैदानगढ़ी की संजय कॉलोनी पुलिस स्टेशन में हिरासत के दौरान मारपीट की गई। AISA ने प्रदर्शनकारियों की तत्काल रिहाई की मांग की है। संगठन का आरोप है कि पुलिस वकीलों को भी उनसे मिलने नहीं दे रही है। संगठन के वकील सुपंथ सिन्हा और योगेंद्र यादव हिरासत में लिए गए लोगों से मिलने की कोशिश कर रहे हैं।



ममता बोलीं- ऐसा लगा कि हमें किडनैप किया गया है

हिरासत में बाहर आने के बाद ममता ने कहा, इस तरह की कार्रवाई से वे प्रदर्शनकारियों को और लोकप्रिय बना रहे हैं। यह इमरजेंसी से भी आगे निकल गया है, यह सुपर इमरजेंसी बन गया है। हमें व्यावहारिक रूप से किडनैप किया गया और करीब दो घंटे तक एक वाहन में घुमाया गया। हमने कोई कानून नहीं तोड़ा।

दिल्ली में मेट्रो स्टेशन खुले, पाबंदी हटी

दिल्ली में शनिवार को बंद 45 मेट्रो स्टेशन को देर रात खोल दिया गया है।

CJP ने कहा- ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

CJP के कार्यकर्ताओं ने शनिवार शाम मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

मेट्रो स्टेशन बंद होने पर कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट रविवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें मेट्रो-ट्रेन सेवाओं पर पूरी रोक के आदेश की कथित अनदेखी को लेकर अधिकारियों पर अवमानना कार्रवाई की मांग की गई है।


जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी।

पवन खेड़ा बोले- पुलिस गुरुद्वारे में घुस गई

कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने कहा- आप देख रहे हैं कि पिछले पांच दिनों से हमारे साथ क्या हो रहा है। वे इसे और आगे बढ़ा रहे हैं। आज उन्होंने वकीलों को नहीं बख्शा, पत्रकारों को नहीं बख्शा, किसी को नहीं बख्शा। यह आपातकाल है। पुलिस गुरुद्वारे में घुस गई।

राजस्थान के 5 जिलों में आज बारिश का अलर्ट

कल से दिन के तापमान में गिरावट की संभावना, 11 शहरों में रात में ठंडक बढ़ी



जयपुर कासं। राजस्थान में आज वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर देखने को मिल सकता है। बीकानेर, जयपुर संभाग के कुछ जिलों में आज बादल छाए रह सकते हैं। वहीं, 5 जिलों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इस सिस्टम के असर से 11 अक्टूबर से चूरू, सीकर के एरिया में ठंडक बढ़ सकती है। दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट की संभावना है।

वहीं, 11 शहरों में रात में ठंडक बढ़ गई है। यहां न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे दर्ज हो रहा है। बारिश के बाद तापमान में और गिरावट की संभावना है।

मौसम के बड़े अपडेट्स

दिन में गर्मी कम हुई: राज्य में शुक्रवार को कुछ शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट हुई, जिससे गर्मी कम हुई। जैसलमेर, उदयपुर, सिरोही, प्रतापगढ़, पिलानी, चित्तौड़गढ़ में पारा 1 डिग्री तक गिरा। सबसे ज्यादा गर्मी पिलानी, चूरू में रही। पिलानी में अधिकतम तापमान 38.8, चूरू में 38.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

पारा 20 डिग्री से नीचे: दिन में गर्मी कम होने का असर रात में भी दिखने लगा। 11 शहर ऐसे हैं जहां रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। इससे इन शहरों में हल्की ठंडक रही। सबसे कम तापमान माउंट आबू में 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जयपुर में मौसम साफ, तापमान स्थिर: राजधानी में शुक्रवार को भी मौसम साफ रहा और दिनभर धूप रही। अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो वेस्टर्न डिर्स्टबेंस के बाद जयपुर में रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है।

गहलोत बोले- बीजेपी अध्यक्ष को चुनाव आयोग का वकील बनना पड़ रहा

केंद्र सरकार और भाजपा विदेशी ताकतों के सामने पूरी तरह सरेंडर



जयपुर कासं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के राहुल गांधी पर विदेशी ताकतों के साथ मिलकर देश को अस्थिर करने के आरोप पर पलटवार किया। गहलोत ने एक्स पर लिखा- सवालों से डरी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को अब चुनाव आयोग का वकील बनना पड़ रहा है।

हम पहले से कहते आ रहे हैं कि भाजपा और आरएसएस लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते और आज इन्होंने खुद यह साबित कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और भाजपा विदेशी ताकतों के सामने पूरी तरह सरेंडर हैं।

दरअसल, नितिन नवीन ने राहुल गांधी पर विदेशी ताकतों के साथ मिलकर देश को अस्थिर करने का आरोप लगाया था।

गहलोत ने लिखा- विपक्ष का आंदोलन इनके लिए देश को अस्थिर करने की साजिश हो गया, जबकि विपक्ष में रहते हुए भाजपा खुद सड़कों पर उतरती थी। तब कौन सी विदेशी ताकत थी और आज कौन सी है? जिन्होंने आजादी की लड़ाई में उंगली तक नहीं कटाई, वे आज लोकतंत्र की आवाज उठाने वालों को देश-विरोधी साबित करने निकले हैं। इनकी जितनी निंदा की जाए, कम है।

सत्ताधारी पार्टी खुद ही लोकतांत्रिक विरोध को बदनाम करके देश में तनाव बढ़ा रही

गहलोत ने लिखा- देश ने शायद ही कभी देखा हो कि सत्ताधारी पार्टी खुद ही लोकतांत्रिक विरोध को बदनाम करके देश में तनाव बढ़ाने का काम कर रही है।

पहले विपक्षी सांसदों को चुनाव आयोग जाने से रोका

गहलोत ने लिखा- लोकसभा में राहुल गांधी और राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे को बोलने नहीं दिया गया। इसके बाद विपक्षी सांसदों को चुनाव आयोग और जंतर-मंतर जाने से रोका गया और उनके साथ बदसलूकी की।

केंद्र सरकार और भाजपा विदेशी ताकतों के सामने पूरी तरह सरेंडर

गहलोत ने लिखा- जब हर सवाल पर विपक्ष को अर्बन नक्सल और विदेशी ताकतों का ठप्पा लगाना पड़े, तो समझ लेना चाहिए कि जनता के सवालों का जवाब देने के लिए कुछ बचा नहीं है। ये विपक्ष के पीछे विदेशी ताकत होने का आरोप लगा रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार और भाजपा विदेशी ताकतों के सामने पूरी तरह सरेंडर है।

जिसका एक उदाहरण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों और भारत पर लगाए जा रहे टैरिफ, वीजा नीतियों आदि से बार-बार दिखता है। लोकतंत्र में सवाल पूछना और विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, कोई अपराध नहीं। भाजपा आज अपने ही रवैये से बेनकाब हो चुकी है।

आज दिल्ली को छावनी बना दिया

अब दिल्ली को छावनी बना दिया गया है। 75 ट्रेनें रद्द हैं, 57 मेट्रो स्टेशनों के गेट बंद हैं, नई दिल्ली के बड़े हिस्से में इंटरनेट बंद है और स्कूलों की परीक्षाएं तक रद्द करनी पड़ी हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अब तक देश के सामने आकर जवाब देने से बच रहे हैं।

124 पूर्व ब्यूरोक्रेट्स बोले- चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा रखें

हमने वोट धांधली का भी दौर देखा है: 2 दिन पहले 42 पूर्व जजों ने लेटर लिखा था



नई दिल्ली एजेन्सी। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल समेत 124 पूर्व नौकरशाहों ने भारत की चुनावी प्रक्रिया के समर्थन में देश की जनता के नाम लेटर लिखा है।

पूर्व राजदूतों और रिटायर्ड आईएएस अधिकारियों ने लिखा, 'हम यह पत्र इसलिए लिख रहे हैं, क्योंकि आजकल हमारे चुनावों के लिए बिना किसी सबूत के 'धांधली' शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस शब्द को बार-बार दोहराने से लोकतंत्र में लोगों का वह भरोसा कमजोर होता है। 'यह पत्र ऐसे समय आया है, जब चुनाव आयोग और मतदाता सूची के स्ट्रक्र को लेकर राजनीतिक विवाद चल रहा है। विपक्ष के साथ कॉकरोच जनता पार्टी ने प्रदर्शन कर रही है। 8 अक्टूबर को ज्ञानेश कुमार के सपोर्ट में 42 पूर्व जजों ने लेटर लिखा था।

बूथ कैप्चरिंग से फर्जी वोटिंग तक का जिक्र

लेटर में पूर्व अधिकारियों ने चुनावों में गड़बड़ी के पुराने तरीकों का जिक्र किया। उन्होंने वह दौर देखा है, जब बूथ पर हथियार लेकर पहुंचना, बाहुबलियों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करना, फर्जी वोट डालना, बैलेट बॉक्स चुराना और लोगों को मतदान से रोकना जैसी घटनाएं होती थीं। पत्र में कहा गया कि बूथ कैप्चरिंग की समस्या इतनी व्यापक थी कि संसद ने 1989 में इसे अपराध घोषित किया।

ट्रम्प ने नोबेल नहीं मिलने पर नाराजगी जताई

कहा- पिल्लै को कोई नहीं जानता; मैंने 8 युद्ध रोके, हर युद्ध पर शांति पुरस्कार मिलना था



नई दिल्ली एजेन्सी। ट्रम्प ने नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलने पर एक बार फिर नाराजगी जताई है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि यह पुरस्कार उन्हें नहीं देकर नॉर्वे ने अपने ऊपर ऐसा दाग लगा लिया है, जो कभी नहीं मिटेगा।

ट्रम्प ने इस फैसले को शर्मनाक और अपमानजनक बताते हुए कहा कि उन्हें हर जंग रोकने के लिए आठ बार पुरस्कार मिलना चाहिए था।

इस साल नोबेल शांति पुरस्कार दक्षिण अफ्रीका की पूर्व ह मानवाधिकार प्रमुख नवी पिल्लै को दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें कोई नहीं जानता। ट्रम्प बोले, नोबेल पुरस्कार आज एक लिबरल को दिया गया, जो संयुक्त राष्ट्र में काम करती हैं और जिनके बारे में किसी ने नहीं सुना।

'भारत-पाकिस्तान युद्ध रोका, 5 करोड़ लोगों की जान बचाई'

ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया था। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियार रखने वाले दोनों देशों को युद्ध से रोककर उन्होंने 5 करोड़ लोगों की जान बचाई।

ट्रम्प ने कहा कि वह ईरान और रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। उनके मुताबिक, अमेरिका को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

राहुल बोले- लोकतंत्र खत्म करने वालों से न डरें : चेन्नई में छात्रों की गूंज में कहा- वोट चोरी हो रहा; दक्षिण के 7.5 करोड़ युवाओं पर फोकस

नई दिल्ली एजेन्सी। राहुल गांधी ने चेन्नई में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में कहा- लोकतंत्र खत्म करने वालों से डरने की जरूरत नहीं हैं। आइलैंड ग्राउंड्स में 30 मिनट के कार्यक्रम में राहुल ने कहा- सवाल पूछना हर स्टूडेंट की जिम्मेदारी है। सरकार तमिलनाडु पर हिंदी थोप रही है। तमिल कल्चर, भाषा इतिहास पर हमला किया जा रहा है। आपका वोट चोरी किया जा रहा है। राहुल कोटा, देहरादून, प्रयागराज, पुणे और इंदौर में युवाओं और छात्रों से इस कार्यक्रम में बात कर चुके हैं। यह कार्यक्रम पहली बार दक्षिण भारत में हो रहा है। 'यूथ इन इंडिया 2022' की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण भारत के 5 राज्यों यानी आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरलम, तमिलनाडु और तेलंगाना में 15 से 29 साल की उम्र के करीब 7.5 करोड़ युवा हैं। इन्हीं पर राहुल का फोकस रहेगा। राहुल इस अभियान में शिक्षा, बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और युवाओं पर बढ़ते दबाव जैसे मुद्दे उठा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले पांच कार्यक्रमों में करीब 1.54 लाख लोग शामिल हुए थे।

राहुल बोले- लोकतंत्र खत्म करने वालों से डरना नहीं है

राहुल ने कहा- पीएम मोदी कंप्रोमाइज्ड है, चाहे वो फाइनेंशियल फोर्सेज के जरिए हों या इंटरनेशनल दबाव में। वे लोग मोदी को कंट्रोल कर रहे हैं। मोदी अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं। देश का मूड जनता जान गई है, सिर्फ दिल्ली ही नहीं पूरे देश के लोगों से कहना चाहता हूं कि आपको डरने की जरूरत नहीं है।

राहुल के भाषण की 5 बड़ी बातें...

पीएम मोदी पर:

पीएम इंटरनेशनल दबाव में हैं। अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं। देश का मूड जनता जान गई है

दिल्ली प्रोटेस्ट पर:

पूरी दिल्ली बंद है। पुलिस बच्चों को मार रही है, इंटरनेट बंद है। भाजपा के गुंडे सड़क पर घूम रहे, बच्चों को पीट रहे हैं।

तमिल कल्चर पर:

तमिल कल्चर, भाषा और इतिहास पर हमला किया जा रहा है। तमिलनाडु पर हिंदी थोपी जा रही है। सरकार के लिए तमिल कल्चर और इतिहास सेकेंड्री है।

पेरियार पर:

पेरियार महान इंसान थे, क्योंकि वे सवाल करते थे। पेरियार ने स्टूडेंट को सिखाया कि बिना समझे किसी भी विचार को फॉलो न करें।

एजुकेशन सिस्टम पर:

सेंट्रलाइजेशन, 87% MBBS तमिल सीट कम की जा रही हैं। 70% यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर नहीं है, उसको RSS के गर्वनर चला रहे हैं।

पीएमश्री स्कूलों के होनहारों को मिलेगा असम की संस्कृति जानने का मौका

हर जिले से एक विद्यार्थी जाएगा टूर पर, 12 तक मांगी सूची

(खबर आस पास), भीलवाड़ा. प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थी अब पूर्वोत्तर राज्य असम की अनूठी संस्कृति, लोककला और जीवनशैली से रूबरू होंगे। केंद्र सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत प्रदेश के पीएमश्री विद्यालयों के चयनित छात्र-छात्राओं को असम राज्य के शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा जाएगा। इस योजना के तहत राजस्थान का पेयरिंग राज्य असम तय किया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में प्रदेश के समस्त सम्भागीय संयुक्त निदेशकों को निर्देश जारी कर 12 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक चयनित विद्यार्थियों के नाम मांगे हैं।



कक्षा 9 से 12 तक के मेधावियों को मौका

निदेशालय के अनुसार पीएमश्री विद्यालयों में वर्षभर एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले या श्रेष्ठ शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। प्रत्येक जिले से कक्षा 9 से 12 के बीच का एक विद्यार्थी इस भ्रमण दल में शामिल होगा। शिक्षा विभाग ने सभी संभागीय संयुक्त निदेशकों को निर्धारित प्रारूप में चयनित छात्र-छात्राओं का विवरण हार्ड और सॉफ्ट कॉपी में 12 अक्टूबर शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से ईमेल पर प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

क्या है योजना का उद्देश्य

केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल पर संचालित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना और छात्रों को विभिन्न राज्यों की विविधता एवं संस्कृति से जोड़ना है। समग्र शिक्षा एवं पीएमश्री की वार्षिक कार्ययोजना और बजट के तहत इस भ्रमण गतिविधि के लिए वित्तीय राशि अनुमोदित की गई है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के समन्वय से इस पूरे दौरे की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष आज से जिले के दौरे पर

(खबर आस पास), बीकानेर। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री किशोर मकवाना 11 से 13 अक्टूबर तक जिले के दौरे पर रहेंगे। मकवाना 11 अक्टूबर को सायं 4:45 बजे दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस से प्रस्थान कर रात 10:50 बजे बीकानेर जंक्शन पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। आयोग अध्यक्ष 12 अक्टूबर को प्रात: 8:30 बजे सर्किट हाउस से देशनोक स्थित करणी माता मंदिर के लिए प्रस्थान करेगें और वहां प्रात: 9:30 बजे पूजा अर्चना करने के बाद वहां से बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे और प्रात:11:00 बजे बीकानेर स्थित बॉयज हॉस्टल का दौरा करेंगे। सायं 4 बजे सर्किट हाउस में पुलिस महानिरीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगे। मकवाना 13 अक्टूबर प्रात: 5:40 बजे बीकानेर जंक्शन से दिल्ली कैंट के लिए प्रस्थान करेंगे।

व्यापारी के साथ मारपीट कर चांदी से भरा बैग ले भागे बदमाश

वरदा थाना क्षेत्र के मांडव गांव का मामला

(खबर आस पास), डूंगरपुर. वरदा थाना क्षेत्र के मांडव गांव में शुक्रवार शाम को दो बदमाश सोने- चांदी के एक व्यापारी के साथ मारपीट कर चांदी से भरा बैग लूटकर भाग गए। व्यापारी ने वारदात के बाद वरदा थाने में रिपोर्ट दी है। मांडव निवासी सोनू पुत्र गणेशलाल सोनी ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी गांव में सोने व चांदी के जेवरात की दुकान है। रोज की तरह शुक्रवार शाम को अपने पिता गणेशलाल के साथ मोटर साइकिल से दुकान से घर जा रहे थे। रास्ते में जैन मंदिर के समीप पीछे से एक मोटर साइकिल पर दो युवक आए। युवकों ने गणेशलाल पर लठ्ठ से हमला कर दिया और उनसे बैग छीनकर भाग गए। बैग में पांच किलोग्राम चांदी, मोबाइल व दुकान की चांबियां थी। वारदात के बाद सोनू ने बदमाशों का पीछा भी किया। लेकिन बदमाश तेजी से मोटर साइकिल लेकर भाग गए। वहीं, सूचना पर सागवाड़ा पुलिस उपाधीक्षक हेरंब जोशी सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा और मामले की जानकारी लेने के बाद बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

14 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक नहीं होंगे श्याम के दर्शन

(खबर आस पास), खाटूश्यामजी. श्री श्याम प्रभु की विशेष सेवा-पूजा के चलते 13 अक्टूबर की रात 10 बजे से 14 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक खाटूश्यामजी मंदिर के कपाट आम दर्शन के लिए बंद रहेंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि 14 अक्टूबर को श्री श्याम प्रभु की विशेष सेवा-पूजा होगी। इसके चलते मंदिर कमेटी की ओर से दर्शन व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कमेटी ने श्रद्धालुओं से निर्धारित समय का ध्यान रखकर ही दर्शन के लिए आने और मंदिर व्यवस्थाओं में सहयोग करने की अपील की है।



राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पहली बार आयोजित हुई प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशालाएं

प्रत्याशियों को दी नाम निर्देशन पत्र भरने सहित निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी

जिला मुख्यालय पर बीकानेर और रुणिया पंचायत समिति के संभावित प्रत्याशियों का किया प्रबोधन

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निशान्त जैन ने दी विभिन्न प्रावधानों की जानकारी



(खबर आस पास), बीकानेर। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की समस्त पंचायत समिति मुख्यालयों पर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा शनिवार को प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशालाएं आयोजित की गई। इस दौरान संभावित प्रत्याशियों को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने, इस दौरान रखी जाने वाली सावधानियों, आवश्यक दस्तावेजों एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करने, विभिन्न स्तर के प्रत्याशियों के खर्चे और वाहनों की सीमा, आचार संहिता की पालना तथा विभिन्न कानूनी प्रावधानों सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी दी गई। जिला मुख्यालय पर बीकानेर और रुणिया पंचायत समिति क्षेत्र के पंच, सरपंच, पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्य के प्रत्याशियों का प्रबोधन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निशान्त जैन मौजूद रहे और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं आयोजित होने से प्रत्याशियों को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने से लेकर निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि के प्रावधानों की जानकारी हो सकेगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार ऐसी कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। प्रत्याशी पूर्ण गंभीरता से इन कार्यशालाओं में भागीदारी निभाएं और सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त करें, जिससे छोटी-छोटी गलती के कारण नाम निर्देशन पत्र खारिज होने की संभावना ना रहे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के समक्ष प्रत्याशी अपनी जिज्ञासाएं रखें, जिससे उनके प्रश्नों का जवाब मिल सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उम्मेद सिंह रतनू ने बताया कि पंचायत राज चुनाव से जुड़े सभी प्रत्याशियों को अदेय प्रमाण पत्र (नो ड्यूज) उसी स्थिति में देना होगा, जब किसी भी पंचायती राज संस्था द्वारा उस प्रत्याशी को किसी प्रकार का डिमांड नोटिस जारी किया गया है। अन्यथा किसी प्रत्याशी के लिए नो ड्यूज की जरूरत नहीं रहेगी। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के सहायक प्रभारी श्री पंकज शर्मा ने आचार संहिता से जुड़े समस्त प्रावधानों की जानकारी दी। वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी श्री नटवर लाल आचार्य ने विधि एवं कानूनी बिंदुओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों को पुलिस सत्यापन प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं रहेगी। मास्टर ट्रेनर डॉ. वाईबी माथुर और डॉ. सुरेन्द्र राठी ने नाम निर्देशन पत्र से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान बीकानेर पंचायत समिति की रिटर्निंग अधिकारी और उपखंड अधिकारी सुश्री महिमा कसाना, रुणिया पंचायत समिति की रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रशिक्षु आईएएस सुश्री स्वाति शर्मा, भाजपा के श्री श्याम सिंह हाडला, कांग्रेस से श्री प्रहलाद सिंह मार्शल, श्री शिव लाल गोदारा, आरएलपी के श्री दानाराम घिंटाला सहित विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधि और प्रत्याशी मौजूद रहे।

प्रत्येक पंचायत समिति पर हुई कार्यशालाएं

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिले की प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालयों पर प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशालाएं आयोजित हुई। इनमें बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने भागीदारी निभाई। प्रत्येक स्थान पर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि और प्रत्याशी मौजूद रहे।

बालिका सैनिक स्कूलों पर अलग निदेशालय से ऐतराज, 11 सदस्यीय समिति बनाने का सुझाव

(खबर आस पास), बीकानेर। प्रदेश में बालिका सैनिक स्कूलों के संचालन के लिए अलग निदेशालय बनाने के प्रस्ताव पर राजस्थान शिक्षा विभागीय कर्मचारी कल्याण संघ (रीवा) ने आपत्ति जताई है। संगठन ने सरकार से प्रशासनिक नियंत्रण माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के अधीन ही रखने और मौजूदा चार सदस्यीय समिति के स्थान पर 11 सदस्यीय समिति गठित करने का सुझाव दिया है। प्रस्तावित समिति में सैन्य विशेषज्ञों, एनसीसी अधिकारियों, शिक्षाविदों और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करने की बात कही गई है। रीवा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जोशी ने राज्य सरकार को भेजे ज्ञापन में कहा है कि अलग निदेशालय बनने से प्रशासनिक नियंत्रण के दोहरेपन की स्थिति पैदा हो सकती है। इससे माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की भूमिका भी प्रभावित होने की आशंका है। संगठन ने अलग निदेशालय बनाने के बजाय जरूरत पड़ने पर विशेष प्रकोष्ठ गठित करने का सुझाव दिया है।

चार सदस्यीय समिति की जगह 11 सदस्यीय समिति का सुझाव

रीवा ने वर्तमान चार सदस्यीय समिति को व्यापक विशेषज्ञता के लिहाज से अपर्याप्त बताते हुए इसके पुनर्गठन की मांग की है। संगठन के सुझाव के अनुसार, नई समिति में सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर स्तर के सैन्य विशेषज्ञों, एनसीसी के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षाविदों, सैनिकों और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। इससे बालिका सैनिक स्कूलों के संचालन से जुड़े फैसलों में सैन्य और शैक्षिक अनुभव का समावेश हो सकेगा।

नीतिगत फैसलों से पहले ऑनलाइन सुझाव की सलाह

संगठन ने बालिका सैनिक स्कूलों के संचालन से जुड़े नियमों और नीतिगत निर्णयों को अंतिम रूप देने से पहले शिक्षकों, शिक्षाविदों, आमजन और अन्य संबंधित पक्षों से ऑनलाइन पोर्टल या लिंक के माध्यम से सुझाव आमंत्रित करने की मांग की है। रीवा का कहना है कि इससे निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और विभिन्न पक्षों के अनुभवों का लाभ मिल सकेगा। संगठन ने सरकार से बालिका सैनिक स्कूलों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए समिति का पुनर्गठन करने, नीतिगत फैसलों से पहले संबंधित पक्षों की राय लेने और प्रशासनिक नियंत्रण माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के अधीन बनाए रखने का आग्रह किया है।

पंचायत राज आम चुनाव-2026

प्रथम और द्वितीय चरण के लिए रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित



(खबर आस पास), बीकानेर। पंचायत राज आम चुनाव-2026 के प्रथम और द्वितीय चरण के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को रवींद्र मंच में आयोजित किया गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी श्री मनु गर्ग ने रिटर्निंग ऑफिसर्स की पंचायत चुनाव में पंच एवं सरपंच के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, उनकी संवीक्षा, मत पत्र तैयार करने से लेकर मतगणना करवाने और परिणाम जारी करने तक के महत्वपूर्ण कार्यों के बारे बताया। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य रिटर्निंग अधिकारियों के पर्यवेक्षण में होंगे। साथ ही जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों का मतदान ईवीएम से करवाना होगा। गर्ग ने कहा कि दो अलग-अलग प्रकार के चुनावों की प्रक्रिया को प्रत्येक कार्मिक पूर्ण गंभीरता से सामाजिक तथा इसकी अनुपालना करें। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी एवं राजस्थान पशु चिकित्सा व पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री पंकज शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली जानकारी को पूर्ण सजगता और गंभीरता से सीखें, जिससे सम्पूर्ण प्रक्रिया व्यवस्थित और निर्बाध रूप से पूर्ण की जा सके। प्रशिक्षण के दौरान दक्ष मास्टर ट्रेनर्स द्वारा करीब तीन सौ अधिकारियों को जिला परिषद् व पंचायत चुनाव तथा पंच, सरपंच व उपसरपंच निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक जानकारी का गहन प्रशिक्षण दिया गया और प्रशिक्षार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब दिए गए। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डॉ. एस एल राठी, डॉ वाई बी माथुर, डॉ नवदीप बैंस, डॉ विपिन सैनी, डॉ शमींद्र सक्सेना, डॉ राजाराम, रवींद्र मनीठिया, भंवरलाल, डॉ गणेश सदारंगानी ने विभिन्न विषयों से जुड़ा प्रशिक्षण दिया। अंत में प्रयुक्त की जाने वाली मल्टीपॉल मल्टीवोट मॉडल की ईवीएम मशीनों एवं मतपेटी पर हैंड्स ऑन सत्र का आयोजन हुआ।

जयपुर प्रवासी सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

(खबर आस पास), बीकानेर। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा जिला प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रभावी संचालन एवं 10 दिसंबर 2026 को जयपुर में आयोजित होने वाले प्रवासी सम्मेलन की तैयारियों हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्री उम्मेदसिंह रतनू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रवासियों से जुड़े विषयों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अण्टार्कटिका, घाना, गुजरात, दिल्ली और ओडिशा सहित देश-विदेश के प्रवासी राजस्थानी जुड़े। बैठक में प्रवासी श्री सुभाष चंद्र भूरा ने नोखा क्षेत्र में बालिका हॉस्टल व 5 फुटबॉल मैदान निर्माण की जानकारी दी। वहीं घाना से श्रीमती सुनिता कनिका राजपुरोहित ने सांस्कृतिक आयोजनों तथा अण्टार्कटिका से कम्यूनिकेशन ऑफिसर श्री हनी ओ जाडिया ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने प्रवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

खाद्य सुरक्षा योजना

बीकानेर में अपात्रों को हटाने और पात्रों को जोड़ने के लिए घर-घर सर्वे शुरू

(खबर आस पास), बीकानेर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान, जयपुर के निर्देशों के क्रम में बीकानेर जिले के शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत डोर-टू-डोर गिव-अप अभियान का द्वितीय चरण अक्टूबर से दिसंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र परिवारों को बाहर करना तथा वास्तविक जरूरतमंद और पात्र परिवारों को योजना से जोड़ना है। जिला रसद अधिकारी श्री नरेश शर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्रों के ऐसे वार्डों में विशेष सर्वे किया जाएगा जहाँ 80 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या एनएफएसए में सम्मिलित है। बीकानेर नगर निगम क्षेत्र के लिए प्रवर्तन अधिकारी श्री पवन सुथार एवं प्रवर्तन निरीक्षक श्री प्रखर भार्गव, नोखा नगरपालिका क्षेत्र के लिए प्रवर्तन अधिकारी श्री कृष्ण कुमार, लूनकरणसर/देशनोक/नापासर क्षेत्र के लिए प्रवर्तन अधिकारी श्री मनीष अवस्थी, श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के लिए प्रवर्तन निरीक्षक श्री भूपेन्द्र सिंह तथा खाजूवाला क्षेत्र के लिए प्रवर्तन निरीक्षक श्री जीतू सिंह को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े परिवारों का डोर-टू-डोर सर्वे शुरू कर दिया गया है और प्रवर्तन निरीक्षक एवं उचित मूल्य दुकानदार ने घर-घर पहुंचकर परिवारों की पात्रता का सत्यापन करेंगे और फील्ड विजिट की जी.पी.एस. लोकेशन व तारीख युक्त फोटो संभाग के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी को प्रतिदिन प्रेषित करेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान निष्कासन श्रेणी में पाए गए अपात्र परिवारों को स्वेच्छा से योजना से नाम हटाने (गिव-अप) के लिए प्रेरित किया जाएगा और गिव-अप न करने की दशा में नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पात्र एवं जरूरतमंद परिवार जो वर्तमान में योजना से वंचित हैं, उन्हें आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देकर सूची में शामिल किया जाएगा।

दो साल बीते, सरकारी कॉलेजों में एमबीए-एमसीए की शुरुआत नहीं

एआइसीटीइ की मंजूरी अटकी

(खबर आस पास), अजमेर। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय सहित प्रदेश के सात सरकारी कॉलेजों में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) और मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) पाठ्यक्रमों की शुरुआत तीसरे सत्र में भी नहीं हो सकी है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीइ) से मंजूरी नहीं मिलने के कारण दोनों कोर्स अटके हुए हैं। इन कॉलेजों में सत्र 2024-25 से पाठ्यक्रम शुरू किए जाने थे। इनमें अजमेर का सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, महारानी जया पीजी कॉलेज भरतपुर, राजकीय डूंगर कॉलेज बीकानेर, राजकीय महाविद्यालय सांगानेर, राजकीय महाविद्यालय जोधपुर, राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय कोटा और राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर शामिल हैं।

अलग भवन होने पर ही मंजूरी

राज्य सरकार और कॉलेजों ने एआइसीटीइ को पत्र भेजे थे। एसआइसीटीइ ने स्पष्ट किया कि दोनों पाठ्यक्रम मौजूदा कॉलेज भवनों में संचालित नहीं हो सकते। इनके लिए अलग भवन जरूरी हैं। सातों कॉलेजों में दोनों पाठ्यक्रमों के लिए पृथक भवन बनाने की फाइल वित्त विभाग को भेजी गई है। अब मंजूरी का इंतजार है। एआइसीटीइ के नियमानुसार दोनों पाठ्यक्रमों के लिए पर्याप्त स्टाफ और एमबीए-एमसीए डिग्रीधारक शिक्षक जरूरी हैं। निदेशालय ने कॉलेजों में शिक्षकों-कर्मचारियों के 56 पद स्वीकृत किए हैं, लेकिन इनमें ज्यादातर कॉमर्स और बेसिक कंप्यूटर डिग्रीधारक शिक्षक हैं।

सरकारी स्कूलों की हर महीने तीन स्तर पर समीक्षा, कार्यवाही शाला दर्पण पर होगी अपलोड

पहले सप्ताह ब्लॉक, दूसरे में जिला और तीसरे सप्ताह संभाग स्तर पर बैठक

अक्टूबर की समीक्षा बैठकें तय समय पर कराने के निर्देश

(खबर आस पास), बीकानेर। सरकारी स्कूलों में शैक्षिक गतिविधियों की निगरानी अब ब्लॉक से लेकर संभाग स्तर तक हर महीने होगी। शिक्षा विभाग ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए समीक्षा बैठकों का कैलेंडर तय करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय पर बैठकें आयोजित करने और उनमें हुई कार्यवाही का विवरण शाला दर्पण पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। इससे स्कूलों में शैक्षिक कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा के साथ बैठकों में हुई चर्चा और निर्णयों का रिकॉर्ड भी ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से विद्यालय गवर्नेंस गाइडलाइन के तहत जारी निर्देशों का उद्देश्य शैक्षिक कार्यों



की नियमित निगरानी और विद्यालयों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना है। आदेश उपनिदेशक (योजना) सुषमा भाणावत ने जारी किया है।

पहले सप्ताह ब्लॉक, दूसरे में जिला स्तर पर बैठक

विभाग ने समीक्षा बैठकों के लिए महीने के तीन सप्ताह निर्धारित किए हैं। इसके अनुसार, ब्लॉक समीक्षा बैठक (बीआरएम) हर महीने के पहले सप्ताह में होगी। इसकी अध्यक्षता संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) करेंगे। जिला समीक्षा बैठक (डीआरएम) दूसरे सप्ताह में आयोजित होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (सीडीईओ) करेंगे। वहीं, संभाग समीक्षा बैठक (जेडआरएम) तीसरे सप्ताह में होगी, जिसकी अध्यक्षता संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) करेंगे। इस कैलेंडर के अनुसार समीक्षा की प्रक्रिया ब्लॉक स्तर से शुरू होकर जिला और संभाग स्तर तक पहुंचेगी।

बैठक हुई तो कार्यवाही भी पोर्टल पर दर्ज करनी होगी

निदेशालय ने अक्टूबर 2026 की समीक्षा बैठकें निर्धारित समय-सारणी के अनुसार आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक बैठक में हुई समीक्षा का कार्यवाही विवरण शाला दर्पण मॉड्यूल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। निर्देशों की प्रतियां अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्कूल शिक्षा), माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों, पीईईओ/यूसीईईओ और राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई हैं। अब हर महीने होने वाली इन बैठकों के जरिए शैक्षिक कार्यों की समीक्षा और निगरानी की जाएगी। इस व्यवस्था का असर इस बात से भी तय होगा कि बैठकों में सामने आने वाली समस्याओं पर क्या निर्णय होते हैं और उन पर कितना अमल किया जाता है।

कृषि आदान विक्रेता परिसरों का किया औचक निरीक्षण व आनलाईन नमूने किए आहरित

विशेष रबी गुण नियंत्रण अभियान

एक बैग डीएपी की जगह तीन बैग एसएसपी और एक बैग यूरिया उपयोग की सलाह

(खबर आस पास), बीकानेर। कृषि गुण नियंत्रण विशेष रबी अभियान के तहत उद्यान विभाग के कृषि आदान निरीक्षक सहायक निदेशक उद्यान श्री मुकेश गहलोत ने सहयोगी उद्यानिकी अधिकारी रमेश भाम्भू के साथ शनिवार को आरडी-682 व पूगल क्षेत्र में 6 कृषि आदान विक्रेता परिसरों का औचक निरीक्षण किया व 2 कीटनाशक के नमूने आनलाईन राज एग्री क्यूसी ऐप के माध्यम से आहरित किए। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक श्री गहलोत ने बताया कि कृषि विभाग की ओर



से जिले में कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उचित मूल्य पर मिले, यह प्रयास किया जा रहा है। आगामी रबी फसलों की बुवाई के मध्यनजर उर्वरक की बढ़ती मांग के मध्यनजर किसानों को डीएपी के विकल्प के तौर पर सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) और यूरिया के उपयोग की सलाह दी। एक बैग डीएपी के स्थान पर 3 बैग एसएसपी और 1 बैग यूरिया का उपयोग किया जा सकता है। इससे उपलब्ध पोषक तत्वों की लागत डीएपी की तुलना में कम होती है। गहलोत ने बताया कि कृषि आदान बीज, उर्वरक व कीटनाशी प्रावधानों में उल्लेखित नियमानुसार ही कार्य करते हुए आपूर्तिकर्ता किसानों को कृषि आदानों की गुणवत्तापूर्वक आपूर्ति सुनिश्चित करें, इसके पूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं।